आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 19.07.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- रुद्रपुर में उत्तराखंड निवेश उत्सव आज, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे।
- पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से ऐतिहासिक स्थलों पर शोध का आग्रह किया।
- दिव्यांगजनों की राह आसान बनाएगा यश टू एक्सेस ऐप, मिलेगी सटीक जानकारी। रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन दिव्यांगजनों को सुगमता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध।
- पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने मोहनचट्टी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। मिनी आयुर्वेद विलेज के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

## उत्तराखंड निवेश उत्सव

ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आज राज्य सरकार की ओर से एक लाख करोड़ रुपए का उत्तराखंड निवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह इस आयोजन में मुख्य अतिथि होंगे। गौरतलब है कि दिसंबर 2023 में उत्तराखंड में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन में उद्योग समूहों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद उद्योग समूहों ने राज्य में निवेश शुरू किया और अब तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश पर कार्य शुरू हो चुका है। इस उपलब्धि को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार, रुद्रपुर में उत्तराखंड निवेश उत्सव आयोजित कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। सरकार उद्योग स्थापित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। यही वजह है कि उत्तराखंड निवेशकों की पसंद बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उत्तराखंड के विकास को नई मंजिल देगा।

## सतपाल महाराज

पर्यटन व धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को पत्र लिखकर देश के ऐतिहासिक स्थलों पर शोध और इन पर अंकित लिपियों के अनुवाद की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह हमारी सभ्यता और संस्कृति को समझने के लिए बेहद जरूरी है। श्री महाराज ने कहा है कि सिन्धु घाटी सभ्यता की लिपियों का अनुवाद करवाया जाना चाहिए। अल्मोड़ा में स्थित पाषाणकालीन लखुडियार की अति प्राचीन चित्रकारी का इतिहास, जौनसार क्षेत्र में स्थित प्राचीन गुफाओं और सरस्वती नदी के उद्गम स्थल के रहस्य आदि पर भी पुरातत्व विभाग के माध्यम से शोध किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

उन्होंने केन्द्रीय संस्कृति मंत्री से अनुरोध किया है कि सिन्धु घाटी सभ्यता की लिपियों का अनुवाद करवाने के साथ ही बलूचिस्तान के लोगों द्वारा जो ब्राहुई भाषा का प्रयोग किया जाता है, वह हमारी तमिल, तेलगू और मलयालम से मिलती–जुलती है। कन्धार में बसे लोग गन्धारी की संतान बतायी जाती है, ये सभी हमारी संस्कृति का अनुसरण करते हैं। इसलिए इन सभी पर शोध किये जाने की बेहद जरूरत है। संस्कृति मंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि ऐतिहासिक स्थलों और विदेशों में हमारी संस्कृति को धारित किये विभिन्न जाति के लोगों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कराते हुए इसमें शोध करवाये जाने के लिए सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया जाए।

<u>भारतीय मानक ब्यूरो</u>

भारतीय मानक ब्यूरो– बीआईएस देहरादून ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से देहरादून में एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को गुणवत्ता, मानकीकरण, उपभोक्ता सुरक्षा व भारतीय मानक प्रणाली से अवगत कराना था। इस अवसर पर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए मानकों का पालन आवश्यक है। उन्होंने बीआईएस के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता बताई। बीआईएस के निदेशक सौरभ तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र अब अत्यंत तकनीकी हो चला है, और इस समय गुणवत्तापूर्ण सेवा सुनिश्चित करने के लिए मानकीकरण का अपनाया जाना अत्यावश्यक है। उन्होंने बताया कि बीआईएस द्वारा अस्पताल अधोसंरचना, चिकित्सा उपकरणों की सुरक्षा, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, चिकित्सा टेक्सटाइल और स्वास्थ्य सूचना प्रणाली जैसे विविध विषयों पर सैकड़ों भारतीय मानक विकसित किए गए हैं, जो इस क्षेत्र में गुणवत्ता और विश्वसनीयता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि बीआईएस केवल एक प्रमाणन संस्था नहीं, बल्कि गुणवत्तायुक्त और सुरक्षित समाज के निर्माण की दिशा में काम करने वाली एक वैज्ञानिक संस्था है।

<u>फाटो जोन</u>

नैनीताल जिले में तराई पश्चिमी वन प्रभाग का फाटो जोन बाघों समेत अन्य वन्यजीवों के दीदार के लिए पर्यटकों की पसंद बनता जा रहा है। ऐसे में वन अधिकारियों ने पर्यटन और स्थानीय लोगों के लिए काशीपुर, जसपुर में सिटी पार्क बनाने की योजना बनाई है। इनके निर्माण के लिए विभाग ने एक–एक करोड़ रुपए का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा ा है। प्रस्ताव पास होने के बाद पार्क का निर्माण कराया जाएगा। इस संबंध में तराई पश्चिमी वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी प्रकाश चंद्र आर्या ने बताया कि तराई में दो स्थानों पर सिटी पार्क बनाने की योजना बनाई गई है। इसमें जसपुर टोल प्लाजा के पास वन विभाग की 17 हेक्टेयर भूमि है, जबकि काशीपुर के भवानीपुर में साढ़े बारह हेक्टेयर भूमि है। उन्होंने बताया कि दोनों स्थानों पर सिटी पार्क बनाने के लिए एक–एक करोड़ का प्रस्ताव भेजा है।

प्रस्ताव पास होने के बाद पार्क में झूलों, कुर्सी तालाब और ओपन जिम के अलावा साइक्लंग ट्रैक का भी निर्माण कराया जाएगा। इसमें लोग पैदल भ्रमण के साथ ही साइक्लिंग का आनंद उठा सकेंगे। साइकक्लंग ट्रैक से लैस होने वाले यह तराई के पहले सिटी पार्क होंगे।

यश टू एक्सेस मोबाइल ऐप

दिव्यांगजनों की सुगमता को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यश टू एक्सेस मोबाइल ऐप लांच किया गया है। ऐप के माध्यम से दिव्यांगजन या अन्य नागरिक किसी भी सार्वजनिक स्थल और शासकीय भवन तक दिव्यांगों की पहुंच होने की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। ऐसा नहीं होने की स्थिति में उसकी जानकारी फोटो सहित अपलोड कर सकते हैं। यह एप ऐप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है।

यश टू एक्सेस मोबाइल ऐप दिव्यांगजनों के हित में एक महत्वपूर्ण डिजिटल माध्यम है, जो उनकी दैनिक समस्याओं को शासन–प्रशासन के संज्ञान में लाने में सहायक सिद्ध होगा। इस क्रम में रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन की ओर से जिले के सभी शासकीय भवनों और सार्वजनिक स्थलों को दिव्यांगजन अनुकूल बनाने की दिशा में आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकांश भवन दिव्यांगजन अनुकूल बना दिए गए हैं। ऐप को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए यश टू एक्सेस मोबाइल ऐप का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस तकनीकी सुविधा का लाभ उठा सकें। जिले के सभी विभागों को अपने अधीनस्थ भवनों और परिसरों को दिव्यांगजन अनुकूल बनाने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसमें शासकीय भवनों के प्रवेश द्वार व अन्य स्थानों पर व्हीलचेयर के अनुकूल रैम्प व ढलान, रेलिंग, सीढियों और रैम्प्स के किनारे सहारे के लिए मजबूत रेलिंग आदि व्यवस्थाएं करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

निरीक्षण

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने आयुष विभाग के मोहनचट्टी में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने औषधि वितरण कक्ष, पंचकर्म कक्ष, टेस्ट लैब और योग केंद्र का जायज़ा लिया। उन्होंने इस क्षेत्र को पंचकर्म हॉल, पंचकर्म सहायक, योग केंद्र, हॉर्बल एरोमेटिक गार्डन आदि की समेकित योजना के साथ मिनी आयुर्वेद विलेज के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में शौचालय, पेयजल व्यवस्था, रजिस्टर, ओपीडी एवं लैब की स्थिति का भी निरीक्षण किया और कहा कि केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने योगकक्ष के मार्ग को भी सुव्यवस्थित करने के आदेश दिए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने मोहनचट्टी स्थित पटवारी चौकी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अतिक्रमण और भू कानून के उल्लंघन वाले प्रकरणों को चिह्नित कर प्रभावी कार्रवाई की जाय।

औचक निरीक्षण

चम्पावत के जिलाधिकारी मनीष कुमार ने टनकपुर उप जिला चिकित्सालय  का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजो और तीमारदारों से बातचीत कर स्वास्थ व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रभारी से डायलिसिस यूनिट को क्रियाशील करने, अस्पताल परिसर में स्वच्छ और नियोजित कैंटीन की व्यवस्था करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर करने के उद्देश्य से सभी स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा।